>

Title: Need to ameliorate the condition of sick sugar mills and reconstitute the sugarcane cooperatives in Uttar Pradesh and Uttarakhand.

श्री के.सी. सिंह 'बाबा' (नैनीताल): अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय कृषि मंत्री महोदय का ध्यान उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड के सहकारी गन्ना/चीनी मिल समितियों के पुनर्गठन/परिसीमन/विलय तथा बीमार चीनी मिल के सम्बन्ध में आकर्षित करना चाहता हूं।

मान्यवर, उत्तर प्रदेश तथा उत्तराखण्ड राज्य में सहकारी गन्ना/चीनी मिल समितियों तथा गन्ना समिति बोर्ड का पुनर्गठन एवं परिसीमन/िवलय सम्बन्धी निर्णय के अभाव में कई चीनी मिल बीमार अवस्था में चल रही हैं, जैसे मझोला सहकारी गन्ना विकास समिति, जो उत्तर प्रदेश में है तथा इस मिल की सहकारी समिति उत्तराखण्ड में है। यह मिल उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड दोनों प्रदेशों का गन्ना क्षेत्र है। आज यह बीमार अवस्था में है, प्रदेश में इस तरह की कई अन्य चीनी मिलें हैं। इन मिलों को बीमारी से उबारने के लिए सहकारी समितियों एवं गन्ना समिति बोर्ड का पुनर्गठन करना अत्यधिक आवश्यक है।

माननीय कृषि मंत्री महोदय से मेरा पुरजोर अनुरोध है कि केन्द्र सरकार शीघ्रातिशीघ्र सहकारी समितियों तथा मझोला सहकारी गन्ना विकास समिति का पुनर्गठन करने के आदेश देने के साथ-साथ सहकारी समितियों को निर्देश दे कि मझोला सहकारी विकास समिति क्षेत्र के किसान इस वर्ष अन्य चीनी मिलों में अपना गन्ना भेज सकें।

मान्यवर, बीमार चीनी मिलों की वित्तीय हालत सुधारने के लिए विशेष आर्थिक पैकेज दिया जाए। गन्ना/चीनी सहकारी समितियों तथा मझोला सहकारी गन्ना विकास समिति का पुनर्गठन होने से चीनी मिलों के कर्मचारियों तथा गन्ना किसानों की रोजी-रोटी सही तरह चलेगी तथा इन लोगों का भविष्य भी सुनिश्चित हो सकेगा।